# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–19 दिसम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने नवनिर्मित गोरखनाथ ओवरब्रिज का लोकार्पण किया। इस ओवरब्रिज का निर्माण करीब एक सौ अड़तीस करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। एक रिपोर्ट–

***धर्मशाला–गोरखनाथ मंदिर मार्ग पर पड़ने वाले लखनऊ–गोरखपुर रेलमार्ग के डोमिनगढ़ व गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के मध्य क्रॉसिंग संख्या 162 ए पर एक ओवरब्रिज पहले से है। इस पर ट्रैफिक लोड बढ़ने के कारण मौजूदा ओवरब्रिज के समानांतर एक और ओवरब्रिज बनवाया गया। दो लेन के नए ओवरब्रिज की कुल लंबाई लगभग 600 मीटर और चौड़ाई साढ़े सात मीटर है। इसमें रेलवे भाग की लंबाई 76 मीटर है। इस नये ओवरब्रिज से गोरखपुर शहर को जाम से निजात दिलाने में मदद मिलेगी। गोरखपुर से गिरीश नारायण चौबे की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया। यह चौबीस दिसम्बर तक चलेगा। सत्र के पहले दिन विधानसभा में नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक सुधाकर सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। सभी दलों के नेताओं द्वारा शोक प्रकट करने के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह सत्र प्रदेश के विकास के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण सत्र होगा।

***शीतकालीन सत्र में माननीय सदस्यों को सदन में अपने मुद्दों को उठाने, उत्तर प्रदेश की जनता के हित में और उत्तर प्रदेश के विकास से जुड़े हुए तमाम अन्य कार्यों को आगे बढ़ाने, विधायी कार्यों को आगे बढ़ाने और विभिन्न विभागों में जो नयी मद हैं उनके लिए सप्लीमेंटरी डिमांड्स के लिए भी यह शीतकालीन सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।***

**********

संसद का शीतकालीन सत्र विकसित भारत– जी राम जी सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने के साथ आज सम्पन्न हो गया। यह सत्र पहली दिसम्बर से शुरू हुआ था। सत्र की मुख्य कार्यवाहियों को लेकर प्रस्तुत है हमारे संवाददाता की विशेष रिपोर्ट–

***संसद का शीतकालीन सत्र, जो एक दिसंबर से शुरू हुआ था, आज संपन्न हो गया। सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ और चुनाव सुधारों पर विशेष चर्चा हुई। इसके अलावा, सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक भी पारित किए गए। इसमें विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) जी राम जी बिल शामिल हैं। जिसने बीस वर्ष पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 का स्थान लिया है। इस विधेयक के तहत अब प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को हर वित्तीय वर्ष में सौ दिन की बजाय, एक सौ पच्चीस दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। संसद ने भारत के रूपांतरण के लिए परमाणु ऊर्जा का टिकाऊ उपयोग और विकास शान्ति विधेयक 2025, सबका बीमा सबकी सुरक्षा बीमा कानूनों में संशोधन, विधेयक 2025, और निरसन और संशोधन विधेयक, 2025 को भी मंजूरी दी। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

नागर विमानन मंत्रालय ने यात्रियों को कोहरे के कारण उड़ानों में होने वाली समस्याओं के लिए हवाई अड्डों और आधिकारिक प्लेटफॉर्मों से नवीनतम जानकारी लेते रहने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि वह मौसम विभाग के साथ मिलकर काम कर रहा है और वास्तविक समय के मौसम पूर्वानुमानों के आधार पर परिचालन संबंधी निर्णय लिए जा रहे हैं। कुछ उड़ानें एयरलाइंस द्वारा रद्द की जा रही हैं और यात्रियों को हवाई अड्डों तक अनावश्यक यात्रा से बचने के लिए पहले ही सूचित किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि एयरलाइंस प्रभावित यात्रियों को धनवापसी और निःशुल्क पुनर्निर्धारण की सुविधा दे रही हैं।

**********

भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी बाकर मिर्जा का कल देर रात दिल का दौरा पड़ने से हैदराबाद में निधन हो गया। वे सड़सठ वर्ष के थे। उन्होंने आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रकाशन विभाग और पत्र सूचना कार्यालय सहित सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न विभागों में कार्य किया था।

**********

प्रदेश भर में कड़ाके की ठंड और कोहरे का प्रभाव बना हुआ है। घने कोहरे और ठंड को देखते हुए कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है, वहीं कुछ जिलों में विद्यालय बंद रखने के भी आदेश जारी किए गए हैं। लखनऊ, बलरामपुर और श्रावस्ती सहित कई अन्य जिलों में स्कूलों का समय बदला गया है, जबकि जौनपुर, फर्रुखाबाद, बदायूं, उन्नाव और अम्बेडकरनगर सहित कुछ अन्य जिलों में स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में कुछ स्थानों पर, जबकि पूर्वी हिस्से में अनेक स्थानों पर घने से लेकर अत्यंत घने कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है।

**********